पूर्वोत्तर रेलवे

''वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के सीसेइं/पीवे/भटनी यूनिट के अंतर्गत कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन।

सी0 एस0 श्रीवास्तव
कार्यकुशलता निरीक्षक

द्वारा

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर

कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0/26/2021–22
मिसिल संख्या – प्र/560/1/2021–22/26

******

# अधिशासकीय सार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | 26 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0 / 26 / 2021–22 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र / 560 / 1 / 2021–22 / 26 |
| 4. | विषय | – | ''वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के सीसेइं (पीवे) भटनी यूनिट के अंतर्गत अन्तर्गत कर्मचारी संख्या की समीक्षा''विषय पर कार्याध्ययन। |
| 5. | विभाग | – | इंजीनियरिंग |
| 6. | प्राधिकार | – | वर्ष 2021–22के कार्याध्ययन सूची के अनुसार । |
| 7. | संदर्भित सीमायें | | (i) सी.से.ई.(पीवे) / भटनी यूनिट के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार एवं कर्मचारी संख्या का विवरण प्राप्त करना।<br>(ii) कार्यभार के संदर्भ में सम्पादित आउटसोर्स वर्क, विभागीय कार्य एवं क्रियान्वित तकनीकी उन्नयन का विवरण प्राप्त करते हुए संबंधित पर्यवेक्षक एवं अधिकारी से विचार–विमर्श करना।<br>(iii) विभागीय कार्य एवं मितव्ययिता के दृष्टिकोण से आउटसोर्स की सम्भावनाओं को देखते हुए आवश्यक कर्मचारी संख्या का आकंलन कर तद्नुरूप आवश्यकता से अधिक पाये गये पदो को अभ्यर्पण हेतु संस्तुत करना। |
| 8. | कार्याध्ययन में शामिल किए गए पदों की संख्या | – | 346 |
| 9. | संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ सं0 ।। |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | – | 21 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | रू0 2.17 करोड़ |
| 12. | वितरण तिथि | – | जून / 2021 |

*****

## अनुक्रमणिका


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ एवं सुझाव | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय– प्रथम** | |
| | प्रस्तावना, संदर्भित सीमायें एवं कार्याध्ययन विधि | 1–2 |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | |
| | कर्मचारी संख्या एवं कार्यभार का विवरण। | 3–6 |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | |
| | आलोचनात्मक विशलेषण, संस्तुति एवं सुझाव। | 7–12 |


*******

# (I)

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री बी0 के0 पंजियार, मण्डल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन में अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री राकेश रंजन, वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर (समन्वय), एवं श्री आदर्श ऋषि श्रीवास्तव, समइं/पूर्व/गोरखपुर, पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी, का विशेष आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने इस कार्याध्ययन को पूर्ण करने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया ।

कार्याध्ययन दल श्री आर. के. यादव, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पी.वे. /भटनी के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन से सम्बन्धित सूचनायें एवं ऑकडें उपलब्ध कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया ।

*******

(**II**)

<u>संस्तुतियाँ</u>

| क्र0सं0 | संस्तुति | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1 | यह संस्तुति दी जाती है कि वाराणसी मंडल के इंजीनियरिंग विभाग के संबंधित इकाई से ग्रुप ''सी''/''डी'' 21 पद जो आवश्यकता एवं कार्य भार से अधिक हैं, उन्हें अभ्यर्पित किया जाये। | 3.20 |

*******

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में की गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को होने वाली प्रति पद अनुमानित आवर्ती वार्षिक बचत के आंकलन हेतु कार्याध्ययन की परिधी में आने वाले न्यूनतम लेवल–। एवं अधिकतम लेवल–5 के मूल का औसत लिया गया है। इस आधार पर संस्तुतियों के क्रियान्वयन से होने वाली वार्षिक आवर्ती बचत का आंकलन निम्नवत है :–

न्यूनतम वेतनमान 18000–56900 लेवल–। के प्रति पद का मासिक मूल्य = रू0 66119

अधिकतम वेतनमान 29200–92300 लेवल–5 के प्रति पद का मासिक मूल्य = रू0 106723

औसत मासिक मूल प्रतिपद = $\frac{66119 + 106723}{2}$ = 86421

वार्षिक बचत = औसत मासिक मूल्य प्रतिपद X पदों की संख्या X 12

= 86421 X 21 X 12 = 21778092/–

**कुल वार्षिक आवर्ती बचत = रू0 दो करोड, सत्तरह लाख, अठहत्तर हजार बानवे मात्र।**

*******

# अध्याय– प्रथम

## 1.0 प्रस्तावना, प्राधिकार एवं संदर्भित सीमायें :–

1.1 किसी राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और विकास के लिए कारगर परिवहन आधार संरचना का मौजूद होना अति आवश्यक है। भारतवर्ष में रेलवे परिवहन का सबसे सुरक्षित, सस्ता एवं सुलभ साधन है। ट्रेनों के सुरक्षित एवं संरक्षित संचालन हेतु ट्रैक का रख–रखाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य है, परन्तु ट्रैकों के रख–रखाव में अत्याधुनिक मशीनों के उपयोग अनुरक्षण हेतु उन्नत मशीनों के उपलब्ध हो जाने एवं अधिकांश कार्यों को जोन वर्क में लिये जाने के पश्चात वर्तमान स्वीकृत कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा आवश्यक हो गयी है। जिससे रेल राजस्व की बचत, उत्पादकता, गुणवत्ता, मितव्ययिता को देखते हुए वर्तमान कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कर्मचारी संख्या का आकंलन किया जा सके।

1.2 अतः उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में अनुमोदित कार्याध्ययन सूची 2021–22 में वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे के निर्देश पर कार्यकुशलता संगठन द्वारा ''वाराणसी मण्डल के इन्जीनियरिंग विभाग के अन्तर्गत सी.से.ई. (पीवे)/भटनी यूनिट के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन सम्पादित किया गया।

1.3 कार्याध्ययन को निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत सम्पन्न किया गया है :–

(i) सी.से.ई.(पीवे)/भटनी यूनिट के अन्तर्गत वर्तमान कार्यभार एवं कर्मचारी संख्या का विवरण प्राप्त करना।

(ii) कार्यभार के संदर्भ में सम्पादित आउटसोर्स वर्क विभागीय कार्य एवं क्रियान्वित तकनीकी उन्नयन का विवरण प्राप्त करते हुए संबंधित पर्यवेक्षक एवं अधिकारी से विचार–विमर्श करना।

(iii) विभागीय कार्य एवं मितव्ययिता के दृष्टिकोण से आउटसोर्स की सम्भावनाओं को देखते हुए आवश्यक कर्मचारी संख्या का आकंलन कर तद्नुरूप आवश्यकता से अधिक पाये गये पदो को अभ्यर्पण हेतु संस्तुत करना।

1.4 <u>कार्याध्ययन विधि</u>

1. सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पीवे)/ भटनी यूनिट के द्वारा कार्यभार का विस्तृत विवरण प्राप्त करना।

2. सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पीवे) द्वारा दिये गये सभी आंकड़ों का परीक्षण एवं भौतिक सत्यापन करना।

3. संबंधित पर्यवेक्षकों से गहन विचार–विमर्ष करना एवं उनके द्वारा दिये गये सुझाव पर विचार करना।

4. कार्यभार को देखते हुए व्यवहारिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन करना तथा अन्य सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विविध कार्यों हेतु भी आवश्यक कर्मचारियों की संख्या की गणना करना।

******

## अध्याय– द्वितीय

## 2.0 कर्मचारी संख्या एवं कार्यभार का विवरण

2.1 वाराणसी मण्डल के इंजीनियरिंग विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पीवे)/भटनी के अन्तर्गत कार्यध्ययन की परिधि में जिन कोटि के कर्मचारियों को लिया गया है उनकी कोटिवार स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण निम्नवत् है।

| क्र.सं. | पदनाम | स्वी. सं0 | वास्त. सं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्रैकमेन्टेनर I | 32 | 36 |
| 2 | ट्रैकमेन्टेनर II | 62 | 56 |
| 3 | ट्रैकमेन्टेनर III | 79 | 76 |
| 4 | ट्रैकमेन्टेनर IV | 162 | 118 |
| 4 | पीवे खलासी | 01 | 03 |
| 5 | मोटर ट्राली ड्राइवर–III | 01 | – |
| 6 | लोहार ग्रेड–I | 01 | – |
| 7 | लोहार ग्रेड–II | 01 | – |
| 8 | लोहार ग्रेड–III | – | 04 |
| 9 | लोहार हेल्पर खलासी | 02 | 01 |
| 10 | पेन्टर–III | 01 | – |
| 11 | पेन्टर हेल्पर खलासी | 01 | – |
| 12 | वेल्डर ग्रेड–I | 01 | – |
| 13 | वेल्डर ग्रेड–II | 01 | – |
| 14 | वेल्डर ग्रेड–III | 01 | 01 |
| 15 | सफाईवाला | – | 01 |
| 16 | चौकीदार | – | 02 |
| | **योग** | **346** | **298** |

2.2 उपरोक्त विभागीय कर्मचारी के अतिरिक्त गेटमैन हेतु 17 कर्मचारी सविदा पर रखे गये है।

2.3 उपरोक्त कर्मचारी संख्या का कैटेगरीवार संराश निम्नवत है :–

| क्र.सं. | कोटि | स्वीकृत सं0 | वास्तविक सख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | ट्रैकमेन्टेनर | 335 | 286 |
| 02 | मोटर ट्राली ड्राइवर | 01 | – |
| 03 | लोहार | 02 | 04 |
| 04 | पेन्टर | 01 | – |
| 05 | वेल्डर | 03 | 01 |
| 06 | हेल्पर खलासी | 03 | 01 |
| 07 | सफाईवाला | – | 01 |
| 08 | चौकीदार | – | 02 |
| 09 | पीवे खलासी | 01 | 03 |
| | **योग** | **346** | **298** |

2.4 सी0से0ई0(रेलपथ)/भटनी का कार्यक्षेत्र :–

सी0से0ई0(रेलपथ)/भटनी के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्र का विवरण निम्नवत् है :–

**(i)** SSE/PW/BTT(Sectional) Km 434/0-454/0. BTT (Including) DEOS(Excluding)
**(ii)** SSE/PW/DEOS Km 454/0-476/0 NRA(Excluding) CC (Excluding)
**(iii)** SSE/PW/CC Km 476/0-500/0 GB( Excluding) GKC (Excluding)

2.5 गैंग बीट का कार्य क्षेत्र :– सी0से0ई0(रेलपथ)/भटनी के कार्यक्षेत्र को निम्नानुसार गैंग बीट में बांटा गया है :–

| क्र.सं. | गैंग का नाम | KM | | Track Km |
|---|---|---|---|---|
| | | From | To | |
| 1. | 15 | 434/0 | 438/0 | 4 km |
| 2. | 16 | 438/0 | 446/0 | 8 km |
| 3. | 17 | 446/0 | 454/0 | 8 km |
| 4. | 18 | 454/0 | 462/0 | 8 km |
| 5. | 19 | 462/0 | 468/0 | 6 km |
| 6. | 20 | 468/0 | 476/0 | 8 km |
| 7. | 21 | 476/0 | 484/0 | 8 km |
| 8. | 22 | 484/0 | 491/0 | 7 km |
| 9. | 23 | 491/0 | 500/0 | 9 km |

नोट :– कुल कार्य क्षेत्र में डबल लाईन है। उपरोक्त चार्ट में दिया गया ट्रैक किमी सिंगल लाईन का है। अतः प्रत्येक बीट के ट्रैक किमी हेतु 2 से गुणा करेंगे।

2.6 सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ)/भटनी के अन्तर्गत मानव संचालित गेटों का विवरण :–

| **S.No.** | **LC Gate No.** | **Class** | **Duration of Shift** |
|---|---|---|---|
| 1. | 118 | A | 12 Hrs |
| 2. | 120 | C | 12 Hrs |
| 3. | 124 | C | 12 Hrs |
| 4. | 125 | B2 | 12 Hrs |
| 5. | 126 | C | 12 Hrs |
| 6. | 127 | A | 12 Hrs |
| 7. | 127A | C | 12 Hrs |
| 8. | 128 | A | 12 Hrs |
| 9. | 131 | C | 12 Hrs |
| 10. | 132 | B | 12 Hrs |
| 11. | 133 | C | 12 Hrs |
| 12. | 135 | C | 12 Hrs |
| 13. | 136 | C | 12 Hrs |
| 14. | 137 | C | 12 Hrs |
| 15. | 141 | C | 12 Hrs |
| 16. | 142 | B | 12 Hrs |
| 17. | 143 | C | 12 Hrs |
| 18. | 144 | B | 12 Hrs |
| 19. | 145 | SPL | 08 Hrs |
| 20. | 148 | C | 12 Hrs |
| 21. | 151 | C | 12 Hrs |
| 22. | 154 | C | 12 Hrs |
| 23. | 155 | C | 12 Hrs |

2.7 ट्रैक अनुरक्षण हेतु संलग्न भिन्न कोटि के कर्मचारी और उनके कार्य की प्रकृति

2.7.1 <u>पी0वे0 मेट के कार्य</u> :–

1. गैंग के कार्यो का पर्यवेक्षण करना।
2. गैंग को संरक्षा नियमों से अवगत कराना।
3. टूल्स/औजारों का रख–रखाव करना।
4. ट्रैक का साप्ताहिक निरीक्षण करना।
5. गैंग के द्वारा सम्पादित कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित कराना।

**2.7.2** <u>की मैन के कार्य</u> :–

1. ट्रैक का प्रतिदिन दो बार पेट्रोलिंग करना।
2. पेण्ड्राल एवं टंग रेल का ग्रीसिंग करना।
3. क्रासिंग नोज का ग्रीसिंग करना।
4. लूज फिटिंग को टाइट करना।
5. जंगल सफाई करना।

**2.7.3** <u>ट्रैकमैन के कार्य</u> :–

1. ट्रैक की खोलाई (oH) कार्य।
2. ट्रैक की पैकिंग।
3. ट्रैक की हंच क्लीनिंग।
4. ट्रैक में लगे फिश प्लेट/फिश बोल्ट की आयलिंग, ग्रीसिंग कार्य।
5. समपारों का रख रखाव।

<u>नोट</u> :– पहले गैंगमैन के कार्य की प्रकृति के अनुसार अलग–अलग कोटि में कर्मचारियों को विभाजित किया गया था। परन्तु मल्टीस्किलिंग की अवधारणा के सतत क्रियान्वयन के फलस्वरूप एवं उन्नत प्रशिक्षण के उपरान्त इन्हें एक मात्र कोटि ट्रैकमैन्टेनर में समाहित कर लिया गया है। परन्तु कर्मचारी आवश्यकता के आंकलन हेतु कार्य की प्रकृति को आधार माना गया है।

**2.8** <u>गैंग का कार्यकाल :–</u> सीसेइं/पीवे/भटनी के अन्तर्गत कार्यरत गैंग बीटों का कार्यकाल समान्यतः निम्नवत् है :–

1. <u>ग्रीष्म काल –</u> (1 अप्रैल से 30 सितम्बर तक)
   06.30 से 11.30 बजे तक
   15.00 से 18.00 बजे तक
2. <u>शीत काल –</u> (1 अक्टूबर से 31 मार्च तक)
   07.30 से 12.00 बजे तक
   13.30 से 17.00 बजे तक

2.9 <u>ई.टी.के.एम.</u> :– सीसेइं/पीवे/भटनी का कुल ई.टी.के.एम. 227.57 है। इस इकाई के अंतर्गत बीट वाईज ई.टी.के.एम. प्राप्त करने का प्रयास किया गया लेकिन उपलब्ध नहीं हो सका।

2.10 पर्यवेक्षक का कार्य क्षेत्र एवं उपलब्ध ट्राली :–

| पर्यवेक्षक/यूनिट | गैंग सं0 | कार्य क्षेत्र KM | बी.जी./डबल लाइन | उपलब्ध ट्राली |
|---|---|---|---|---|
| SSE/PW/BTT | - | 434/0-500/0 | - | 1 |
| JE/PW/BTT | 15 To 17 | 434/0-454/0 | - | 1 |
| JE/PW/DEOS | 18 To 20 | 454/0-476/0 | - | 1 |
| JE/PW/CC | 21 To 23 | 476/0-500/0 | - | 1 |

******

## अध्याय – तृतीय

### 3.0 आलोचनात्मक विश्लेषण, कर्मचारी संख्या का आंकलन एवं तद्नुसार संस्तुतियॉ :–

3.1 विषयक कार्याध्ययन रेल की संरक्षा कोटि से संबंधित है। इस कार्याध्ययन में कार्य करने की विपरित एवं दुरूह परिस्थितियों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्य अवसरों पर पेट्रौलिंग इत्यादि में लगने वाले मैन पावर को दृष्टिगत रखा गया है।इसके साथ ही अनुरक्षण में प्रयुक्त उच्च तकनीकि के मशीनों के प्रयोग का भी संज्ञान लिया गया। जिसके द्वारा पैकिंग का कार्य Unimate एवं Deomatic Machine द्वारा दो वर्ष में एक बार कराया जाता है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्य अवसरों पर पेट्रोलिंग इत्यादि में लगने वाले मैन आवर्स की गणना व्यवहारिक दृष्टिकोण तथा पर्यवेक्षक/ अधिकारी से विचारविमर्ष को आधार मानकर किया गया हैं।

3.2 उल्लेखनीय है कि युनिटों पर आर्टीजन, हेल्पर खलासी का कार्य रेल हित में उनके कार्यानुभवों और दक्षता के तहत मल्टीस्किलिंग के अवधारणा के तहत लिया जाता है। जिससे उनकी योग्यता एवं क्षमता का अधिकतम उपयोग हो सके। एन्सीलियरी कर्मचारियों की संख्या में कमी है अतः उनके कार्यों की निपुणता को देखते हुये ज्यादातर कार्य ट्रैकमैन के द्वारा उनकी निपुणता को देखते हुये लिया जा रहा है। अतः अधिकांश कोटि के कर्मचारियों के आवश्यकता की पूर्ति ट्रैकमैन कोटि के कर्मचारियों से की जा रही है, जो कि रेल हित में उचित भी है।

3.3 वर्तमान मल्टीस्किलिंग वयवस्था के तहत गेटमैन और ट्रालीमैन कोटि के कर्मचारी ट्रैकमैन कोटि में समाहित कर लिये गये हैं। गेटमैन हेतु कुछ संविदा पर कर्मचारी रखे गये है। लेकिन इनकी संख्या कम होने के कारण विभागीय कर्मचारी भी लगे हैं।

3.4 यथानुसार जहां कर्मचारी की जरुरत पालीवार है वहां आर.जी एवं एल आर का प्रावधान आंकलन में किया गया हैं एवं जनरल पाली के कर्मचारियों के आवश्यकता के आंकलन में कुशन देते हुए कर्मचारी संख्या प्रस्तावित किये गये हैं। जिनमें उनके एल.आर. की जरूरत समाहित है।

3.5 **पीवे यूनिट के अंतर्गत जोन वर्क** :– उल्लेखनीय है कि सीसेइं/पीवे के अधीन कार्य में मितव्ययिता, तीव्रता के दृष्टिकोण से विभागीय दक्ष पर्यवेक्षकीय नियंत्रण में आउटसोर्स के तहत जोन वर्क भी होता है। जिसके अंतर्गत निम्न कार्य संपादित किये जाते हैं।

1. ड्रेसिंग बाक्सिंग
2. रेल पेन्टिग
3. ई.आर.सी. ग्रीसिंग
4. सोल्जर बलास्ट नीड वेस क्लीनिंग
5. सेस क्लीनिंग
6. नीड वेस एल.सी. ओवरहालिंग
7. इमरजेन्ट मटेरियल काटिंग
8. निड वेस सेस रिपेयर

पिछले जोन वर्क 18.07.2019 करार मूल्य रू0 12185943.00 है।

3.6 उच्च तकनीकि के मशीनों के आ जाने से मैनुअल वर्क में काफी कमी आयी है और इससे मानव शक्ति प्रभावित हुई है इसके साथ उन्नत तकनीकि के प्रयोग में उत्तरोतर वृद्वि होती जा रही है। कुछ प्रमुख तकनीकी मशीनों के कार्य और उनके शीड्यूल निम्नवत हैं।

| Name of Machine | Work | Shedule |
|---|---|---|
| CSM, Duo, Tamping Express | Plan Track Tamping | Every Two Year |
| Unimate | P xing | Every Two Year |
| BCM | Deep Sreeningal Rrack | About 10 Years |

3.7 SSE/Pway/BTT के अधीन Gangwise assets workload निम्नवत है :–

| Gange No. | Pt & Xing | | Curve (UP+DN) | Level Crossing |
|---|---|---|---|---|
| | Main Line | Loop Line | | |
| 15 | 25 | 38 | Nil | 03 |
| 16 | 8 | 4 | 02 | 04 |
| 17 | Nil | Nil | 10 | 05 |
| 18 | 13 | 13 | 10 | 03 |
| 19 | 12 | 10 | 6 | 06 |
| 20 | 8 | 9 | 4 | 04 |
| 21 | 8 | 7 | 2 | 06 |
| 22 | 13 | 9 | 8 | 03 |
| 23 | 12 | 17 | 8 | 04 |
| **Total** | **99** | **107** | **50** | **38** |

3.8 सीसेइं/पीवे/भटनी के अंतर्गत कार्यभार, जोन वर्क, आउटसोर्सिंग, मलटिस्किलिंग, बेंचमार्क एवं पर्यवेक्षकीय विचार–विमर्श के आधार पर आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन अग्र अनुच्छेदों में उल्लिखित है।

3.9 कार्यक्षेत्र की विभिन्न बीट्स के गैंग हेतु पदों का आंकलन।

.1 मेट कोटि के पदों का आंकलनः—

सी0से0ई0 / रेलपथ, भटनी के सम्पूर्ण कार्यक्षेत्रों को 09 गैंगबीट में बॉटा गया है। प्रत्येक गैंगबीट में 01 मेट की आवश्यकता की दर से कुल 09 मेट प्रस्तावित किये जाते हैं।

2 की मैन के पदों का आंकलनः—

प्रत्येक गैगबीट के व्यवहारिक परिस्थितियों, कार्यक्षेत्र का आकार देखते हुये कीमैन कोटि के पदों का आंकलन निम्नवत है :—

| SR No. | Name of Gang | Requird Numbers of KeyMan |
|---|---|---|
| 01 | 15 | 4 |
| 02 | 16 | 4 |
| 03 | 17 | 4 |
| 04 | 18 | 4 |
| 05 | 19 | 4 |
| 06 | 20 | 4 |
| 07 | 21 | 4 |
| 08 | 22 | 4 |
| 09 | 23 | 4 |
| | **Total** | **36** |

3 ट्रैकमैन के पदों का आंकलन :—

बी.जी. मेन लाइन, टैफिक डेन्सिटी एवं संरक्षा को सर्वोपरि रखकर ट्रैक मेन्टिनेन्स आवर्स को दृष्टिगत रखते हुए पदों का आंकलन निम्नवत है :—

| SR No. | Name of Gang | Requeird Numbers of TrackMan |
|---|---|---|
| 01 | 15 | 20 |
| 02 | 16 | 13 |
| 03 | 17 | 13 |
| 04 | 18 | 17 |
| 05 | 19 | 20 |
| 06 | 20 | 15 |
| 07 | 21 | 17 |
| 08 | 22 | 15 |
| 09 | 23 | 20 |
| | **Total** | **150** |

ट्रैकमैन कोटि के रुप में मेट, कीमैन, एवं ट्रैकमैन की बेयर रिक्वायरमेन्ट =09+36+150=195

एल आर @ 12.50% = 24

योग = 195 + 24 = **219**

3.10 **गेटमैन हेतु पदों का आकलनः**– अनु. 2.6 के अनुसार इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संचालित गेटों का विवरण निम्नवत है :–

| | |
|---|---|
| स्पेशल क्लास गेट | – 01 |
| ए क्लास गेट | – 03 |
| बी क्लास गेट | – 03 |
| सी क्लास गेट | – 15 |
| बी2 क्लास गेट | – 01 |
| कुल | – 23 |

उपरोक्त में स्पेशल क्लास गेट सं. 19 पर ओवर ब्रिज बन गया है। परन्तु सी.आर.एस. का फिट प्रमाण– अभी तक नही मिल सका है। अतः गेटमैन कार्यरत है। शीघ्र ही यहाॅ गेटमैन की आवश्यकता नहीं रह जायेगी। अतः इसे कार्याध्ययन की गणना से बाहर रखा गया है। शेष 22 गेटों हेतु 12 घंटे के रोस्टर पर कुल गेटमैनों की आवश्यकता = 22 X 2 = 44

एल आर+आर.जी (30 %) = 13

कुल आवश्यकता 44 + 13 = 57

आउटसोर्स पर निविदा कर्मचारी = 17

विभागीय कर्मचारी की आवश्यकता = 57 – 17 = 40

3.10.1 अधिकारी/पर्यवेक्षक से विचार–विमर्श के दौरान यह बात संज्ञान में आया कि गेटमैन के रूप में रू0 23020.00 प्रति माह पर 17 गेटमैन (भूतपूर्व सैनिक) संविदा पर रखे गये हैं। परन्तु व्यावहारिक तौर पर इनसे कार्य लेना सुविधापूर्ण नहीं हो पा रहा है। लेकिन यदि इनके स्थान पर बेरोजगार आई.आई.टी. होल्डर को प्रशिक्षण देकर रखा जाय तो कार्य प्रणाली मितव्ययी और दक्ष होगी आज एक विभागीय कर्मचारी पर न्यूनतम लागत 66000.00 आता है। अतः इस दिशा में रेल प्रशासन के हित में निर्णय लिया जाना चाहिए। जिससे आगे और भी कर्मचारी कम करने की पर्याप्त संभावना है। परन्तु कर्मचारी संख्या का आंकलन वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर ही किया गया है।

3.11 <u>ट्रालीमैन हेतु पदों का आंकलन</u> :–

तीन सेक्शनल एवं एक मुख्य पर्यवेक्षक हेतु कुल चार ट्रालियों हेतु कर्मचरियों की आवश्यकता = 04 X 04 = 16 कर्मचारी। चूॅकि चारों पर्यवेक्षकों का कार्य स्वतंत्र है और सुरक्षा से संबंधित है। अतः चारों पर्यवेक्षकों की आवश्यकता हेतु ट्रालीमैन प्रस्तावित किये जाते है परन्तु इनके स्लैक टाईम का उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पर्यवेक्षकीय विचार–विमर्श के दौरान सुनिश्चित किया गया कि इनसे अन्य कार्य लिये जाते है।

3.12 <u>पी.सी. गैंग</u> :— सीसेइं/पीवे/भटनी इकाई में प्वाइन्ट क्रासिंग की अधिकता के कारण तथा ट्रैक पर ग्रास मिलियन टन (जी.एम.टी.) का लोड अधिक होने के कारण एक पी.सी. गैंग (1 मेट + 13 ट्रैक मेन्टेनर) बनाया गया है। अतः कार्याध्ययन दल इस गैंग हेतु 14 कर्मचारी प्रस्तावित करता है।

3.13 <u>यू.एस.एफ.डी.</u> :— ट्रैक यू.एस.एफ.डी. टेस्टिंग हेतु सहायक मंडल इंजीनियर/पूर्व के अंतर्गत पूरे कार्य क्षेत्र में कार्य करने हेतु 11 ट्रैकमैन का एक गैंग है जिसमें 06 ट्रैकमैन भटनी से समायोजित है। अतः इस कार्य हेतु कार्याध्ययन दल **06** पद प्रस्तावित करता है।

3.14 **एन्सीलियरी कार्य हेतु आर्टीजन/हेल्पर खलासी/खलासी की आवश्यकता का आंकलन :—**

1. ब्लैकस्मिथ कार्य हेतु आर्टीजन की आवश्यकता = 04
2. हेल्पर खलासी/ब्लैक स्मिथ = 02
3. पेटिंग कार्य हेतु पेण्टर = 02
4. हेल्पर खलासी/पेन्टर = 01
5. वेल्डर = 04
6. हेल्पर खलासी/ वेल्डर = 02

= 15

3.15 <u>एम.पी. गैंग एवं विविध कार्य हेतु पदों का आंकलन</u> :—

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | विविध प्रकार के पेट्रोलिंग कार्य जैसे फाग सिगनल, मानसून पेट्रोलिंग एवं सरक्षा पेट्रोलिंग सम्बंधी कार्य हेतु | 05 |
| 2 | पी.वे यूनिट मुख्यालय से बाहर मंडलों में विविध कार्य के सम्बंध म, आफिस रिकार्ड ,कम्पयूटर वर्क, | 02 |
| 3 | मैटेरियल चेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, आदि | 02 |
| 4 | स्थापना, स्टोर, टाइम कीपर, अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान आवश्यक कार्य विवरणी तैयार करना, टी.एम.एस फीडिंग तथा अन्य विविध लेखांकित कार्य हेतु | 01 |
| 5 | समंइं कार्यालय एवं कन्ट्रोल | 02 |
| **योग** | | **12** |

3.16 **चौकीदार/केयरटेकर की आवश्यकता का आंकलन :—** 12 घंटे के रोस्टर पर कार्यालय/स्टोर हेतु 02 कर्मचारी प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.17 कार्य की प्रकृति को देखते हुए सफाई कार्य हेतु 01 कर्मचारी प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.18 सीसेइं/रेलपथ/भटनी हेतु आंकलित/प्रस्तावित पदों की समरी :–

| क्र0सं0 | पद नाम | | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | मेट<br>की मैन<br>ट्रैकमैन | गैंग बीट | 219 |
| 2 | गेटमैन | | 40 |
| 3 | ट्रालीमैन | | 16 |
| 4 | पी.सी. गैंग | | 14 |
| 5 | यू.एस.एफ.डी. | | 06 |
| 6 | एन्सीलियरी (आर्टिजन एवं खलासी) | | 15 |
| 7 | विविध कार्यों हेतु | | 12 |
| 8 | चौकीदारी | | 02 |
| 9 | सफाई हेतु | | 01 |
| | **योग** | | **325** |

**3.19** स्वीकृत एवं प्रस्तावित पदों की समरी :–

| पीवे यूनिट | स्वीकृत संख्या | प्रस्तावित संख्या | सरप्लस |
|---|---|---|---|
| भटनी | 346 | 325 | 21 |

**3.20** संस्तुतियॉः–

यह संस्तुति दी जाती है कि वाराणसी मंडल के इंजीनियरिंग विभाग के संबंधित इकाई से ग्रुप ''सी''/''डी'' 21 पद जो आवश्यकता एवं कार्य भार से अधिक हैं, उन्हें अभ्यर्पित किया जाये।

******